Houston Methodist
नीति एवं प्रक्रियाएं FI85

विषय: एकत्रण नीति	**लागू होने की तारीख:** 1 जनवरी, 2016
निम्न पर लागू: अस्पताल और चिकित्सक संगठन (PO)	**संशोधन/समीक्षा करने की तारीख** 1 जनवरी, 2016
उत्पत्ति क्षेत्र: राजस्व चक्र परिषद्	**समीक्षा की लक्षित तारीख:** 1 जनवरी, 2019

I. नीति

हूस्टन मैथॉडिस्ट (Houston Methodist) की नीति यह सुनिश्चित करना है कि हूस्टन मैथॉडिस्ट द्वारा प्रदान की गई चिकित्सा देखरेख के लिए रोगियों पर बकाया राशियाँ (ऋण) पेशेवराना, शिष्ट और समयबद्ध रूप से एकत्र की जाएं। ऐसे ऋणों की अदायगी 100% वित्तीय सहायता की छूट के लिए योग्य न होने वाले हूस्टन मैथॉडिस्ट के सभी रोगियों से एक-समान मानदण्ड और प्रक्रियाओं के अनुसार वसूल करने की कोशिश की जाएगी। यह नीति तृतीय पक्ष की संग्रहण एजेन्सियों द्वारा की जाने वाली कार्रवाइयों सहित ऋण की गैर-अदायगी के संबंध में की जाने वाली कार्रवाइयों को स्थापित करती है। **किसी भी समय हूस्टन मैथॉडिस्ट वेतन ऋणानुबंधों (wage garnishments), प्रमुख निवासों पर निजी पुनर्ग्रहणाधिकारों, क्रेडिट ब्यरो अधिसूचना या अन्य कानूनी कार्रवाइयों जैसी असाधारण एकत्रण कार्रवाइयाँ नहीं थोपेगा।** इस नीति के पीछे निर्देशक सिद्धांत ये हैं कि सभी रोगियों से गरिमा और सम्मान के साथ समान व्यवहार किया जाए तथा सुनिश्चित किया जाए कि बिल भेजने और एकत्रण की उचित प्रक्रियाएं पारदर्शी हों तथा इनका एक-समान रूप से पालन किया जाए।

II. परिभाषाएँ

A. स्व-अदायगी – जो रोगी बीमाकृत नहीं हैं तथा भुगतान के लिए पूरी तरह से उत्तरदायी हैं, उनके लिए इस राशि को स्व-अदायगी (Self Pay) के रूप में परिभाषित किया जाता है।
B. बीमे के बाद बकाया राशि – वे रोगी जो बीमाकृत हैं तथा जिन्हें बकाया राशि के एक भाग का ही भुगतान करना है (जैसे, कटौती-योग्य, सह-बीमा, सह-अदायगी), तो यह राशि बीमे के बाद बकाया राशि (balance after insurance) के रूप में परिभाषित की जाती है।
C. रोगी का दायित्व – स्व-अदायगी और बीमे के बाद की बकाया राशि दोनों सहित रोगी द्वारा अदा की जाने वाली कोई राशि।
D. वित्तीय सहायता – उन रोगियों के लिए उपलब्ध छूट जो बीमाकृत नहीं हैं, न्यून बीमा प्राप्त हैं, किसी सरकारी स्वास्थ्य देखरेख लाभ कार्यक्रम के हकदार नहीं हैं, तथा जो वित्तीय आवश्यकता और साधनों के परीक्षण के निर्धारण के आधार पर अपनी देखरेख का भुगतान करने में असमर्थ हैं।
E. डूबा ऋण – रोगी से बकाया राशि जो प्रथम बिल के विवरण से 120 दिन के भीतर एकत्र न की गई हो।
F. तृतीय पक्ष की एकत्रण एजेन्सी – हूस्टन मैथॉडिस्ट (Houston Methodist) की ओर से अपनी कंपनी के नाम से डूबे ऋण के खाते एकत्र करने वाली कोई बाहरी एजेन्सी।

III. बिल बनाने की प्रक्रियाएं

A. हूस्टन मैथॉडिस्ट (Houston Methodist) देखरेख प्रदान किए जाने से पहले या प्रदान करने के समय (आपातकालीन देखरेख के सिवाए) चिकित्सा देखरेख के लिए उत्तरदायी किसी ज्ञात रोगी के लिए भुगतान का अनुरोध कर सकता है। आपातकालीन देखरेख के संबंध में, हूस्टन मैथॉडिस्ट देखरेख प्रदान किए जाने के बाद किसी ज्ञात भुगतान के दायित्व के लिए भुगतान का अनुरोध कर सकता है।
B. यदि किसी रोगी ने चिकित्सा देखरेख प्रदान किए जाने के समय हूस्टन मैथॉडिस्ट को भुगतान नहीं किया है, तो हूस्टन मैथॉडिस्ट किसी स्व-भुगतान रोगी को देखरेख प्रदान करने के बाद तुरंत उनके रोगी के दायित्व हेतु रोगी को बिल भेजेगा, तथा बीमाकृत रोगियों के लिए उनके बीमे/बीमों की अदायगी के बाद उनकी बकाया राशि के लिए रोगी को बिल भेजेगा।

C. ह्यूस्टन मैथॉडिस्ट पिछले बिलों के गैर-भुगतान के कारण चिकित्सीय रूप से आवश्यक देखभाल प्रदान करने से पहले भुगतान अस्वीकार नहीं करेगा, स्थगित नहीं करेगा या इसकी अपेक्षा नहीं करेगा।

D. यदि रोगी वित्तीय सहायता के लिए योग्य होता है, तो ह्यूस्टन मैथॉडिस्ट रोगी की स्व-भुगतान राशि में छूट देगा या बीमे(मों) की अदायगी के बाद बीमे की राशि के बाद छूट देगा। (वित्तीय सहायता छूट नीति देखें।)

E. यदि किसी रोगी का वित्तीय सहायता के लिए पात्र के रूप में संभावित रूप से मूल्यांकन किया जाता है और जिसे यदि सबसे उदार छूट से कम के लिए पात्र निर्धारित किया गया था, तो रोगी संग्रह प्रक्रिया में किसी भी समय वित्तीय सहायता आवेदनपत्र भर सकता है जिसका सबसे उदार छूट के लिए पुनर्मूल्यांकन किया जाएगा।

F. ह्यूस्टन मैथॉडिस्ट अपनी सामान्य बिलिंग प्रक्रिया का प्रयोग करते हुए जिसमें कम-से-कम 120 दिन की अवधि में कम-से-कम चार विवरण शामिल हैं, रोगियों को स्व-भुगतान की किन्हीं बकाया राशियों और/या बीमे की राशि के बाद बकाया राशि का बिल भेजेगा।

G. ह्यूस्टन मैथॉडिस्ट, अपनी वित्तीय सहायता नीति के सरल भाषा में लिखे सार की प्रति, प्रथम बिल के विवरण में शामिल करेगा।

IV. एकत्रण की प्रक्रियाएं

A. रोगी के प्रथम बिल का विवरण जारी करने के बाद पहले 120 दिन के दौरान, ह्यूस्टन मैथॉडिस्ट यह लेखा तृतीय पक्ष की किसी एकत्रण एजेन्सी को नहीं भेजेगा।

B. अपनी बकाया राशि का पूर्ण भुगतान करने में असमर्थ रोगियों के लिए, ह्यूस्टन मैथॉडिस्ट बिना किसी ब्याज या दण्ड के 18 महीने तक विस्तारित भुगतान के विकल्पों की पेशकश करता है। (विस्तारित भुगतान के विकल्प संबंधी नीति देखें)।

C. यदि प्रथम बिल के विवरण से 120 दिन के भीतर रोगी से कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिलता है, तो ह्यूस्टन मैथॉडिस्ट गैर-अदा बकाया राशि को डूबे ऋण के रूप में वर्णित करेगा। ह्यूस्टन मैथॉडिस्ट डूबा ऋण माने गए लेखाओं पर अतिरिक्त एकत्रण प्रयास करने के लिए मंज़ूरी प्राप्त तृतीय पक्ष की एकत्रण एजेन्सियों को नियुक्त करेगा।

D. डूबे ऋण के वर्गीकरण या डूबे ऋण के लेखाओं को तृतीय पक्ष की किसी एकत्रण एजेन्सी को भेजने के बावजूद, रोगी किसी भी समय वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकता है।

E. ह्यूस्टन मैथॉडिस्ट उन मंज़ूरी प्राप्त तृतीय पक्ष की एकत्रण एजेन्सियों के साथ लिखित करार करेगा जिन्हें यह डूबा ऋण भेजता है। यह करार तृतीय पक्ष की एकत्रण एजेन्सी को डूबे ऋण के एकत्रण संबंधी ह्यूस्टन मैथॉडिस्ट की नीतियों का पालन करने, तथा वित्तीय सहायता और विस्तारित भुगतान के विकल्प प्रदान करने के संबंध में समान प्रक्रियाओं का पालन करने के लिए बाध्य करता है।

F. तृतीय पक्ष की एकत्रण एजेन्सी फोन कॉलों, ई-मेलों, एकत्रण पत्रों तथा हूस्टन मैथॉडिस्ट द्वारा मंज़ूर अन्य स्वीकार्य पद्धतियों के माध्यम से तथा लागू कानून का अनुपालन करते हुए डूबे ऋण के एकत्रण का कार्य करेगी।
G. तृतीय पक्ष की सभी एकत्रण एजेन्सियों के लिए एकत्रण की असामान्य घटनाओं (जैसे, क्रेडिट ब्यूरो को रिपोर्ट करना, निजी या अचल सम्पत्ति के विरुद्ध निर्णय या ग्रहणाधिकार जारी करना, वेतन का ऋणानुबंध (garnishment)) में संलिप्त होना मना है।

V. नीति की उपलब्धता

A. वेब साइट – हूस्टन मैथॉडिस्ट इस नीति को अपनी वेबसाइट http://HoustonMethodist.org/Billing के माध्यम से उपलब्ध कराएगा। इस वेबसाइट में एक विशिष्ट लिंक भी दिया होगा जिससे पाठक इस नीति की PDF फाइल मुफ्त में डाउनलोड कर सकते हैं।
B. कागजी प्रति - हूस्टन मैथॉडिस्ट रोगी पंजीकरण क्षेत्रों, केन्द्रीकृत बिलिंग कार्यालय, तथा आपातकालीन विभागों में डाक या ई-मेल दोनों के द्वारा इस नीति की कागजी प्रतियां अनुरोध करने पर मुफ्त उपलब्ध कराएगा।
C. अंग्रेजी और अन्य भाषाएं - हूस्टन मैथॉडिस्ट इस नीति को अंग्रेजी तथा अपने द्वारा सेवा प्रदान की जाने वाली अनेक जनसंख्याओं की विभिन्न प्रमुख भाषाओं में उपलब्ध कराएगा।
D. संपर्क सूचना -

Houston Methodist
Centralized Business Office
ध्यानाकर्षण (Attn):
Self Pay Unit
701 S. Fry Road
Katy, TX 77450
फोन: 832-667-5900 (स्थानीय) or 877-493-3228 (मुफ्त)

VI. आधिकारिक संदर्भ

1. 2010 का रोगी की सुरक्षा तथा वहनीय देखरेख अधिनियम;
2. आंतरिक राजस्व संहिता खण्ड 501r;
3. वित्तीय सहायता छूट नीति (FI49); तथा
4. विस्तारित भुगतान के विकल्प संबंधी नीति (FI86)।

राजस्व चक्र परिषद् द्वारा सिफारिश की गई
CFO परिषद द्वारा मंज़ूर
ह्यूस्टन मैथॉडिस्ट निदेशक मंडल द्वारा मंज़ूर

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी द्वारा प्राधिकृत:

(फाइल पर मूल रूप से हस्ताक्षरित)

____________________________ ________________

एम. बूम (M. Boom) तारीख
अध्यक्ष
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
Houston Methodist